क्रिकेट | अंतिम चरण में पहुंची ब्राह्मण प्रीमियर लीग प्रतियोगिता

# डॉक्टर एकादश का विजय अभियान जारी



**नवभारत ,जबलपुर।** रानीताल स्थित वेलोड्रम क्रिकेट ग्राउंड में चल रही ब्राह्मण प्रीमियर लीग प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस दौरान तीन मैच खेले गए जिसमें पहला शिवान्या एकादश बनाम शौर्य एकादश के बीच खेला गया, इसमें शिवान्या एकादश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 92 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे शौर्य एकादश हासिल नहीं कर पाई, इसमें शिवान्या एकादश ने शौर्य एकादश को 15 रनों से हराया, इस मैच के मैन ऑफ द मैच हरेंद्र मिश्रा रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मैच बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ, जो अभी तक प्रतियोगिता की दो अपराजित टीमों डॉक्टर एकादश बनाम शिवान्या एकादश के बीच के बीच खेला गया, इस मैच में शिवान्या एकादश की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 80 रन बनाए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर एकादश की टीम ने अपना विजय रथ जारी रखा और पवन, विकास के शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 9 वे ओवर में ही एकतरफा मैच जीतकर शिवान्या एकादश को हार का स्वाद चखाया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच पवन रहे। इससे पहले डॉक्टर एकादश के बॉलरों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए शिवान्या एकादश को 80 रन पर रोक दिया था। दिन का अंतिम मैच सप्तऋषि एकादश बनाम वेद वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें सप्तऋषि एकादश ने पहले बैटिंग करते हुऐ 10 ओवरों में 133 रन बनाए, जवाब में वेद वॉरियर्स की टीम केवल 65 रन ही बना पाई और सप्तऋषि एकादश ने बड़े रनों के अंतराल से विजय हासिल की। इस मैच के मेन ऑफ द मैच सप्तऋषि एकादश के ऑल राउंडर खिलाड़ी विजय तिवारी को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मिला। मैचों का आंखों देखा हाल पं पीयूष तिवारी , पं विधान और पं अमित के द्वारा सुनाया गया था। इस मौके पर ग्राउंड पर आयोजन समिति के सभी सदस्य पं .अनुराग तिवारी, पं रितेश मिश्रा, पं सतेंद्र दुबे (महाराज जी). सुविल तिवारी, आनंद दुबे , आशुतोष पांडे , सिद्धार्थ तिवारी, और सुनीता शर्मा उपस्थित रहे।

## नवदुर्गा पर्व के दौरान पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्चित की

**भोपाल.** नवदुर्गा और अष्टमी पर्व के दौरान मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच मध्यप्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूती से बनाए रखा. पुलिस बल लगातार तैनात रहकर श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन और सुचारु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करता रहा. मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में पुलिस ने सेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया. ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने एक दिव्यांग श्रद्धालु को गोद में उठाकर सुरक्षित रूप से मंदिर तक पहुंचाया और उन्हें बिना किसी असुविधा के दर्शन कराए. इस मानवीय कार्य की उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहना की. एक अन्य घटना में भीड़ के दौरान एक मासूम बच्चा अपनी मां से बिछड़ गया था. पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी मां से मिलाया गया, जिससे परिजनों को राहत मिली. मध्यप्रदेश पुलिस ने एक बार फिर सेवा, सुरक्षा और सहयोग के अपने मूल मंत्र को सार्थक करते हुए कर्तव्य के साथ मानवता का परिचय दिया है।




## जेपी बॉयज और जबलपुर क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

▶ तीसरे लेदर बॉल पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** तीसरे लेदर बॉल पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला। पहले मैच में सीडीए और जेपी बॉयज आमने-सामने थे, जहां जेपी बॉयज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीडीए को 26 रनों से हराया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीडीए की टीम 135 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में जबलपुर पुलिस और जबलपुर क्रिकेट क्लब के बीच टक्कर हुई। जबलपुर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 165 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में जबलपुर पुलिस की टीम 116 रन पर ऑल आउट हो गई, जिससे जबलपुर क्रिकेट क्लब ने 49 रनों से जीत दर्ज की। इन जीतों के साथ जेपी बॉयज और जबलपुर क्रिकेट क्लब ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

## रजत वर्ष के उपलक्ष्य में शीतल पेयजल व्यवस्था शुरू

▶ रोटरी क्लब ने किया विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सेवा कार्य



**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी क्लब संस्कारधानी द्वारा रजत वर्ष 2025-26 के अवसर पर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय की भावना से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता के नेतृत्व में रोटरी सदस्यों की उपस्थिति में लोहे के स्टैंड, मटके, गिलास एवं ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। यह सेवा कार्य पूरे ग्रीष्मकाल में निरंतर जारी रहेगा, जिससे आमजन को उमस और गर्मी से राहत मिल सके। कार्यक्रम के अंतर्गत माता का मंदिर पांडे चौक, निवाड़गंज में दोपहर 4:30 बजे उद्घाटन किया गया। इसके अलावा मातृछाया डेवलपर्स (दीप टावर्स, कछियाना, गोल बाजार), नीलकमल फर्नीचर (सिविक सेंटर), अग्रवाल सैनिटेशन (अंजुमन बाजार, श्रीनाथ की तलैया) एवं गोरखपुर गुरुद्वारा के पास सिंग साब के स्थान पर व्यवस्था की गई, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य रोटरी की सार्वजनिक छवि को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में विशेष सहयोग पूर्व अध्यक्ष अंजुल जैन, कोषाध्यक्ष (पूर्व) अनिल अग्रवाल, रोटेरियन जसप्रीत सिंह आहूजा, सचिव अभिषेक अग्रवाल, रोटेरियन मुकेश पटेल, अध्यक्ष निर्वाचित मनीष बजाज एवं शीतल जसप्रीत आहूजा का रहा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर रोटरी क्लब वेस्ट के अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित पूर्व अध्यक्ष अरुण खर्द, समीर कनाडे, तल्लीन सिंह बावा, अमित जैन, विक्रांत जैन, नितिन जैन, सुनील जसवानी, डॉ. पल्लव वासुदेव, सचिन जैन, पुष्पा गुप्ता एवं सिद्धांत कनाडे सहित अनेक रोटरी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## 20 घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल, 29 मार्च.** मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 टीम ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए टीकमगढ़ जिले में ट्रैक्टर और बोलेरो की टक्कर में घायल लगभग 20 लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया. इस त्वरित कार्रवाई के चलते सभी घायलों को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी. अधिकारियों के अनुसार, 28 मार्च 2026 को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बड़ागांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपालपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए हैं और तत्काल सहायता की आवश्यकता है. सूचना मिलते ही फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

## जवानों ने पेश की मिसाल, बस उठाकर बचाई जिंदगियां



**हार्टफुलनेस मेडिटेशन बना ताकत, आपदा में दिखी सूझबूझ और साहस**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर की 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के 105 प्रशिक्षु जवानों को नवरात्रि ड्यूटी से पहले हार्टफुलनेस मेडिटेशन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा और निरीक्षक विक्रम सिंह ने जवानों को तनावमुक्त रहते हुए एकाग्रता, सजगता और त्वरित निर्णय लेने की कला सिखाई।

### पांढुर्ना में हुआ था भीषण हादसा

प्रशिक्षण के प्रभाव का वास्तविक परीक्षण तब हुआ, जब पांढुरना में मुख्यमंत्री की सभा से लौटते समय एक भीषण बस दुर्घटना घटित हो गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था और यात्रियों की जान खतरे में थी। ऐसे कठिन समय में जवानों ने बिना देर किए अदम्य साहस और टीम भावना का परिचय दिया। उन्होंने मिलकर बस को करीब 3 फीट तक उठाया और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर कई जिंदगियां बचाईं। यह घटना स्पष्ट करती है कि हार्टफुलनेस मेडिटेशन जैसे अभ्यास न केवल मानसिक मजबूती बढ़ाते हैं, बल्कि संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने और साहसिक कदम उठाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

**डीजीपी ने किया सम्मानित**

यह साहसिक बचाव कार्य निरीक्षक नरेश यादव, प्रशिक्षक राहुल सिंह और मिथिलेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। जवानों की तत्परता और एकजुटता ने बड़ा हादसा टाल दिया। इस उत्कृष्ट और जीवनरक्षक कार्य के लिए मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सभी जवानों को सम्मानित और पुरस्कृत किया।

## बुक बैंक जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद की अनूठी पहल : विधायक सिंह

▶ रविवार को पुस्तक मेला में बड़ी संख्या में पहुंचे विद्यार्थी और अभिभावक



**नवभारत, जबलपुर।** निजी स्कूलों की महँगी किताबें प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित किये जा रहे पुस्तक मेला के पांचवे दिन रविवार को विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में पहुंचे। पुस्तक मेला में पांचवे दिन के मुख्य अतिथि बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह थे। उन्होंने पुस्तक मेला के पांचवे दिन की सांस्कृतिक संध्या का माँ सरस्वती के चरणों में वंदन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा भी मौजूद थे।

विधायक नीरज सिंह ने अपने संबोधन में पुस्तक मेला को समाज को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि सेशन ब्रेक के बाद जब नया सत्र शुरू होता है, तब अभिभावक चाहते हैं कि उन्हें प्रतिस्पर्धी दरों पर पुस्तकें, जूते, बैग और कॉपियां मिलें। यह मेला एक ही छत के नीचे यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर अभिभावकों की चिंताओं को दूर कर रहा है। विधायक पुस्तक मेला में लगे 'बुक बैंक' स्टॉल की सराहना करते हुए कहा कि यह उन जरूरतमंद बच्चों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है जो नई किताबें खरीद नहीं सकते। ऐसे छात्र रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से नाम मात्र की राशि देकर इस स्टॉल से पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं।

### बुक बैंक हेतु पुस्तकें दान करने की अपील

विधायक नीरज सिंह ने बुक बैंक स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पिछले वर्ष की सीबीएसई पाठ्यक्रम की ज्यादा से ज्यादा किताबें में बुक बैंक में दान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'बुक बैंक' में माध्यमिक शिक्षा मंडल की पुस्तकें पर्याप्त हैं, किंतु सीबीएसई और इंग्लिश मीडियम की पुस्तकों की उपलब्धता कम है।

**स्कूल चले हम गीत पर मनमोहक प्रस्तुति**

विधायक नीरज सिंह ने पुस्तक मेले में मात्र 5 रुपये के शुल्क पर पाठ्यक्रम से इतर ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ने की दी गई सुविधा 'रीड ऑन रेंट' कांसेप्ट की विशेष प्रशंसा की और इसे एक अभिनव पहल है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा 'स्कूल चले हम' गीत पर दी गई मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि ऐसे मंचों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।



## दो दिवसीय विधायक सम्मेलन आज से

**भोपाल, 29 मार्च.** राष्ट्रकुल संसदीय संघ के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30-31 मार्च को विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है.

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न हो इस के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए.इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे. तोमर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन करना है. सम्मेलन में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पहले दिन तीन और दूसरे दिन दो सत्र होंगे. सम्मेलन में 45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक शामिल होंगे.

**न्यायालय नायब तहसीलदार मेंहदवानी तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

**उद्घोषणा**

ग्राम कनेरी माल, प.ह.न. 77
रा.नि.म. मेंहदवानी, तहसील शहपुरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कनेरी माल को सूचित किया जाता कि ग्राम कनेरी माल प.ह.न. 77 रा.नि.म. मेंहदवानी स्थित भूमि ख.नं. 30, 39, 74 रकवा क्रमशः 6.21, 1.68, 9.34 हे. भूमि मद शासकीय मध्यप्रदेश शासन को Narmada Valley Development Authority संस्था का प्रकार अन्य संस्था का पता Narmada Vikash Sambhaag No.2 In front of State Bank (main Branch) Civil Line, Mandla द्वारा नगरेत तहसील व जिला डिण्डौरी है उपरोक्त बसनिया बांध परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास हेतु चाही गई है। उपरोक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निवर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आवंटित/हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय डिण्डौरी द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है, समयावधि पश्दात कोई आपत्ति चर विचार नही किया जायेगा।
इश्तहार आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 17/03/2026
पेशी दिनांक- 17/04/2026

मोहर

नायब तहसीलदार
मेंहदवानी

जी-27964/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)**
E-mail ID : modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./1/907977/2026 | सिवनी, दिनांक : 25/03/2026

**द्वितीय सूचना**

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम,18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **श्री मानसिंह सनोडिया** आ.इंदरसिंह सनोडिया नि. कन्हरगांव तह. व जि. सिवनी म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 16/02/2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक/खनिज/उ.प./1/824/96/2026 सिवनी दिनांक 18/02/2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुनः दिनांक 10/04/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | कन्हरगांव | 182/1,182/2 एवं 179 | क्रमश 0.460 हे., 0.470 हे. एवं 2.73 हे. कुल 3.66 हे. में से 2.00 हे. | निजी एवं शासकीय भूमि | बोल्डर गिट्टी | - |
| | | | कुल रकबा | 2.00 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन ाको शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन प्रत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

सहायक खनिज अधिकारी
वास्ते कलेक्टर, सिवनी

जी-27976/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

शिविर | गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का 15 वें स्थापना दिवस का आयोजन

# 370 मरीजों की जांच, वरिष्ठों को मिला हीरक मणि सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ म.प्र. जबलपुर द्वारा 15वां सार्वजनिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर, वार्षिक समारोह एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम गहोई वैश्य पंचायती भवन, तमरहाई चौक में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे, विशिष्ट अतिथि डॉ. रामकुमार हूँका (पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी) एवं राकेश चंद्र सरावगी (उपाध्यक्ष, महासभा) की उपस्थिति में अध्यक्ष इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लगभग 370 मरीजों की जांच कर परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया। द्वितीय सत्र में वार्षिक साधारण सभा एवं स्थापना दिवस समारोह का आयोजन रमेशचंद्र सरावगी (उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा, ग्वालियर) के मुख्य आतिथ्य तथा इंजी. रामगोपाल ददरया (अध्यक्ष, गहोई वैश्य समाज पंचायत, जबलपुर) एवं वीरेन्द्र कुमार सोनी (अध्यक्ष, मध्य मालवा क्षेत्रीय सभा, भोपाल) के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस दौरान संतोष सुहाने (महासचिव) ने बैठक विवरण, विजय बडौन्या (कोषाध्यक्ष) ने आय-व्यय तथा अध्यक्ष इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्व. श्रीमती साधना नीखरा के परिजनों का सम्मान किया गया तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को 'हीरक मणि सम्मान' प्रदान किया गया। सत्र 2026-2028 के लिए निर्वाचित अध्यक्ष इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे एवं महासचिव संतोष सुहाने को डॉ. अरूण सरावगी द्वारा शपथ दिलाई गई। रामनारायण पहारिया ने संघ की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में शंभूदयाल बड़ेरिया, अनंतराम बड़ेरिया, कैलाश कुमार लहरिया, सीता सरावगी, संतोष सिपोल्या, कृष्णकांत बरसैया, सतीष कुचया, राकेश इटोंदया, सुभाषचंद्र रावत, उत्तमचंद्र बिलैया, अशोक सेठ, राजेन्द्र मातेले, राजेन्द्र चपरा, सुरेश कुमार चौदहा, विष्णु दयाल ब्रिजपुरिया, अरूण खर्द, दिनेश चंद्र बिलैया, खेमचंद सोनी, सविता सरावगी, अनिल सरावगी, राजीव नीखरा, राजेन्द्र सिजारिया, सुरेश कुरेले, कृष्ण कुमार नौगरैया, आनंद तपा, पुरुषोत्तम लाल झुड़ेले सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनंतराम बड़ेरिया ने किया तथा अंत में महासचिव संतोष सुहाने ने आभार व्यक्त किया।